ST-1

Name : ..........................................................................

Roll No. : ..........................................

कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# XHY-201001

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 75

*निर्देश* :

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 में 15 अंक निर्धारित हैं। इस प्रश्न में तीन उपखण्ड हैं— (खण्ड-अ) बहुविकल्पीय प्रश्न संख्या 5, (खण्ड-ब) उचित संबंध जोड़ना प्रश्न संख्या 5 एवं (खण्ड-स) रिक्त स्थानों की पूर्ति प्रश्न संख्या 5 हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *30* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *75* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *100* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों में लिखिए। इसमें 8 अंक निर्धारित है।

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) अमरकंटक में भगवान शिव को कहते हैं :

(*अ*) भोलेनाथ

(*ब*) अमरेश्वर

(*स*) शंभू

(*द*) विश्वनाथ

(*ii*) 'माटीवाली' कहानी की प्रमुख समस्या है :

(*अ*) विस्थापन

(*ब*) रोजगार

(*स*) राष्ट्र

(*द*) दहेज

(*iii*) वीर नारायण सिंह व साथी किसके गोदाम को लूटे ?

(*अ*) लाखन

(*ब*) बाला पुजारी

(*स*) माखन

(*द*) महाराज साय

(*iv*) सिकुमार के ददा ल का होगे रहिस ?

(*अ*) पीलिया

(*ब*) मधुमेह

(*स*) हैजा

(*द*) लकवा

(*v*) जीवन की तुलना किससे की गई है ?

(अ) झरना

(ब) पहाड़

(स) आकाश

(द) धरती

**प्रश्न-1** **( खण्ड-ब )** उचित संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| | ( क ) | | ( ख ) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | सिंहासन खाली करना | - | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| (*ii*) | कन्यादान | - | धान रखने की जगह |
| (*iii*) | वाल्मीकि आश्रम | - | ऋतुराज |
| (*iv*) | साध | - | तुरतुरिया |
| (*v*) | कोठी | - | सत्ता छोड़ना |

**प्रश्न-1** **( खण्ड-स )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) टैक्स को —— कहा गया है।

(*ii*) घीसा गुरु साहब को —— भेंट में दिया।

(*iii*) मानसरोवर के कमल को —— कमल कहा जाता है।

(*iv*) शील कवि ने अपनी रचना में —— छंद का प्रयोग किया है।

(*v*) ठूँठ —— का प्रतीक है।

**प्रश्न-2** वनवासियों का जीवन कैसा होता है ? [2]

**प्रश्न-3** समास का नाम बताइए (कोई *दो*) : [2]

चतुर्भुज, हार-जीत, पीतांबर, प्रतिदिन

**प्रश्न-4** घीसा का नाम घीसा कैसे पड़ा? [2]

**प्रश्न-5** चिड़िया हमसे दूर क्यों होती जा रही है? [2]

**प्रश्न-6** 'बीमारी' शब्द को लेखक ने किन-किन संदर्भों में प्रयोग किया है? [2]

**प्रश्न-7** मधुलिका ने पुरस्कार के रूप में प्राणदंड क्यों माँगा? [3]

**प्रश्न-8** छायावाद के तीन कवि और उनकी एक-एक रचना (किताब) के नाम लिखिए। [3]

**प्रश्न-9** वृक्षों की कटाई रोकने के लिए आप क्या-क्या उपाय करेंगे? [3]

**प्रश्न-10** ''दिन सोता था, रात सोती थी, पर मैं जागता था''—कथन का क्या आशय है? [3]

**प्रश्न-11** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए : [4]

''सरसों की न पूछो,
हो गयी सबसे सयानी,
हाथ पीले कर लिये हैं,
ब्याह-मंडप में पधारी।
फाग गाता मास फागुन,
आ गया है आज जैसे।
देखता हूँ मैं स्वयंवर हो रहा है।''

***अथवा***

''हुंकारों से महलों की नींव उखड़ जाती है।
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है॥
जनता की रोके राह समय में ताब कहाँ?
वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है॥''

प्रश्न-12 निम्नलिखित गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : [4]

"नर्मदा कैसे सूख सकती है बाबू। नर्मदा सूख जाएगी, तो हमलोग कैसे बच सकेंगे? नर्मदा सूख जाएगी तो संस्कृति सूख जाएगी। प्रकृति का स्वाभिमान खत्म हो जाएगा। नर्मदा अनवरत् और अविराम प्रवाहमान है, इसलिए संस्कृति जीवित है। मनुष्य गतिमय है।"

***अथवा***

"कंधे डाल दूँ तो गजब हो जाए, दुनिया लड़खड़ाकर गिर पड़े, जमाने का दौर बंद हो जाए। पर मैं कंधे नहीं डालता, न डालूँगा। मैंने निरंतर निर्माण किया है, विध्वंस न करूँगा। यदि करना हुआ तो पुनर्निर्माण करूँगा, जिसके लिए मुझे थकान महसूस नहीं होती, कभी अलकस नहीं लगती, रोआँ-रोआँ फड़कता रहता है।"

प्रश्न-13 शहीद वीर नारायण सिंह को अपने पूर्वजों से कौन-कौन से गुण प्राप्त हुए थे? [4]

***अथवा***

हरेली (हरियाली) पर्व कब मनाया जाता है? इस त्योहार में लोग क्या-क्या करते हैं?

प्रश्न-14 बाँस के हरे-भरे पेड़ और ठूँठ के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? [4]

***अथवा***

'जीवन का झरना' कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है?

प्रश्न-15 "कोठी म धान छलक जाए ये जिनगी फेर चमक जाए"—पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [4]

***अथवा***

मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिन्दगी किस तरह बदल दिया ? विस्तार से समझाइए।

**प्रश्न-16** शुल्क मुक्ति हेतु आप अपने प्राचार्य को एक पत्र लिखिए। [5]

***अथवा***

अपने मित्र को प्राकृतिक स्थल की विशेषताओं को बताते हुए एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-17** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

''कला का कभी विभाजन नहीं हो सकता। फिर भी अभिव्यक्ति और अनुभूति की दृष्टि से कला के दो स्थूल रूप हैं—उपयोगी कला और ललित कला। उपयोगी कला हमारे व्यावहारिक जीवन की आवश्यकता को पूरा करती है। सुनार, कुम्हार, लुहार आदि इसी श्रेणी में आते हैं। ललित कला के द्वारा हमारे हृदय को आनन्द प्राप्त होता है। यह आनन्द हमें श्रवणेन्द्रिय और नेत्रेन्द्रिय द्वारा प्राप्त होता है। ललित कलाएँ पाँच हैं—वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत व काव्यकला। संगीत और काव्य का आनन्द श्रवणेन्द्रिय से लिया जाता है।''

*(i)* उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। [1]

*(ii)* कला के स्थूल रूप कौन-कौन से हैं ? [1]

*(iii)* ललित कलाएँ कौन-कौन सी हैं ? [1]

*(iv)* आनन्द हमें कैसे प्राप्त होता है ? [1]

*(v)* उपयोगी कला की पूर्ति कौन करता है ? [1]

**प्रश्न-18** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : [8]

(*i*) स्वच्छ भारत अभियान

(*ii*) छात्र जीवन में अनुशासन

(*iii*) जीवन में खेलों का महत्व

(*iv*) प्रदूषण की समस्या

(*v*) प्लास्टिक जीवन के लिए खतरा

———